# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मार्च 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# 66 एमएलडी से टंकियों को जोड़ने इंटरकनेक्शन का किया जाएगा कार्य, जल आपूर्ति 3 दिन तक रहेगी बधित

भिलाईनगर/ स्मृति नगर, नेहरू नगर एवं खमरिया की टंकियों को 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट के पाइप लाइन से जोड़ने इंटरकनेक्शन का कार्य किया जाना है जिसके लिए 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से जल प्रदाय प्रभावित रहेगा! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन के तहत इंटरकनेक्शन का कार्य तीन स्थानों पर किया जाना है ताकि 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से शहरवासियों को जलापूर्ति किया जा सके! 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र बनकर तैयार हो गया है जिसमें विद्युत आपूर्ति होने के पश्चात टेस्टिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है, पैनल टेस्टिंग के साथ ही नो लोड पर मोटर की टेस्टिंग की जा रही है! अमृत मिशन फेस टू के तहत 12 उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण किया जा रहा है! पुराने 8 उच्च स्तरीय जलागार पहले से ही निर्मित हैं जिनको 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से पानी दिया जा रहा है! 66 एमएलडी से 9 उच्चस्तरीय जलागार एवं 77 एमएलडी से 9 उच्च स्तरीय जलागार को पानी दिया जाएगा इसके अतिरिक्त 6 एमएलडी का निर्माण किया गया है





## बिना अनुमति के निर्माण कार्य पर चला निगम का बुलडोजर, मोहल्ले के लोगों ने की थी निर्माण कार्य की शिकायत

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 19 शास्त्री नगर कैंप 1 साक्षरता चौक से बीएम अस्पताल जाने वाले मार्ग पर नेक्स्ट स्टेप ट्यूशन क्लास के बाजू में बिना अनुमति के निर्माण किए जाने की शिकायत शास्त्री नगर के मोहल्ले वासियों ने की थी उड़नदस्ता एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम जोन आयुक्त जोन क्रमांक 2 सुनील अग्रहरि के नेतृत्व में साक्षरता चौक के पास पहुंची और निर्माणाधीन लोहे के खंभों को हटाना प्रारंभ किया! मौके पर कुछ लोगों ने शासकीय कार्य में बाधा डालने के उद्देश्य से बहस करते हुए कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की, जिस पर निगम के अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी! बता दें कि शास्त्री नगर के लोगों ने लिखित में यह शिकायत की थी कि साक्षरता चौक के समीप दुकान निर्माण किया जा रहा है और उस दुकान निर्माण से संबंधित कोई भी अनुमति प्राप्त नहीं किया गया है न हीं दस्तावेज उपलब्ध है साथ ही दुकान निर्माण होने के बाद व्यवसायी द्वारा लोहे के दुकान का व्यवसाय किया जाएगा!



# गौतमनगर में बनेगा व्यायाम शाला एवं वार्ड 38 के कर्मा प्रांगण में सभागार का होगा निर्माण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 36 गौतम नगर खुर्सीपार में व्यामशाला की स्थापना और शहीद वीर नारायण नगर में भक्त कर्मा माता भवन के प्रांगण में सभागार निर्माण के लिए महापौर एवं भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद, एल्डरमेन व क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में सुबह 10 बजे भूमिपूजन के लिए पहुंचे तथा समाज जनों एवं नागरिकों से कार्य का भूमि पूजन कराया। जोन 04 क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग स्थान पर महापौर द्वारा अधोसंरचना मद से दोनो स्थलों पर किए जाने वाले कार्य के लिए लगभग 10 लाख राशि की स्वीकृति प्रदान कराई गई है। क्षेत्र में व्यायामशाला और सभागार भवन बनने की पुरानी मांग पूरा होने से नागरिकों ने महापौर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर व विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने कहा कि जब वे इस वार्ड में आये थे तब यहां के युवाओं ने उनसे व्यायाम शाला के लिए मांग की थी! युवाओं की मांग को गंभीरता से लेते हुए उनके लिए जल्द ही वार्ड में व्यामशाला स्थापित करने के लिए आज भूमि पूजन किया गया है।





# सिटी बसों में भी सैनिटाइजर का किया जा रहा है उपयोग, प्रतिदिन परिचालन के बाद की जा रही है सफाई

भिलाई नगर/ नोवल कोरोना वायरस के मद्देनजर हाथों को संक्रमण मुक्त रखने के लिए भिलाई निगम क्षेत्र में कई ऐसे स्थानों पर जहां पर ज्यादा आवाजाही रहती है वहां हैंडवाश/वाशबेसिन की व्यवस्था निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर की गई है पूर्व के अलावा सर्कुलर मार्केट एवं वार्ड 27 घासीदास नगर सब्जी मार्केट में भी इसी प्रकार की व्यवस्था आज कर दी गई है! जन जागरूकता के माध्यम से कोरोना वायरस के संक्रमण से सुरक्षा के उपाय के लिए फ्लेक्स/होर्डिंग आदि लगाए गए हैं! निगमायुक्त श्री रघुवंशी द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण को मद्देनजर रखते हुए जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक भी ली जा चुकी है! महापौर परिषद के सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने भी बैठक लेकर जोन के स्वास्थ्य प्रभारियों को स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था दुरुस्त रखने कहा है! शासन से आदेश जारी होने के बाद निगम प्रशासन की टीम सिनेमाघरों/मल्टीप्लेक्स, व्यायामशाला को बंद कराने अपनी नजर बनाए हुई है तथा नोटिस भी चस्पा किया गया है!



# गंदगी फैलाने वालों पर उड़नदस्ता की टीम ने लगाया जुर्माना

भिलाईनगर/ नगर निगम भिलाई की उड़नदस्ता टीम ने आज वार्ड 23 सकुर्लर मार्केट, वार्ड 06 सुपेला बाजार तथा केम्प 02 बाजार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक, बिना व्यवसायिक लाईसेंस के व्यवसाय करने वालों, गंदगी फैलाने वालों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए 9200 रूपए के अर्थदण्ड की वसूली की। उड़नदस्ता की टीम ने निगम क्षेत्र का सघन दौरा कर बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले, सड़क बाधा एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक, कैरी बैग उपयोग एवं विक्रय करने वालों के यहां निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की! टीम ने वार्ड 23 सकुर्लर मार्केट एवं सब्जी मंडी में चालानी कार्यवाही की जिसमें दिनेश फल दुकान से प्रतिबंधित कैरी बैग जप्त कर 200 रूपए, व्यापारिक लाइसेंस नहीं होने पर शेखर गन्ना वाले से 500 रूपए, शिवलाल बूट हाउस द्वारा गंदगी फैलाने पर 500 रूपए, जनता बूट हाउस के लाइसेंस नहीं होने पर 1000 रूपए, हिन्दूस्तान बूट हाउस द्वारा गंदगी फैलाने पर 500 रूपए, पूजा वस्त्र भंडार के पास लाइसेंस नहीं होने पर 500 रूपए, प्रभुदयाल वस्त्र भंडार के पास लाइसेंस नहीं होने पर 2000 रूपए जुर्माना लिया गया। वार्ड 06 नेहरू भवन के सामने नीनाशीष के द्वारा सड़क पर कचरा फेंकते पाए जाने पर 2000 रूपए अर्थदंड लिया गया।



# धारा 144 का पालन कराने निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जिलाधीश द्वारा धारा 144 लागू करने के बाद से ही निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने निगम क्षेत्र दौरा प्रारंभ कर दिया था तथा आज भी निगम क्षेत्रों का निगम के अधिकारियों के द्वारा सघन निरिक्षण किया गया। व्यवसायिक दुकानों द्वारा प्रतिबंध की अवहेलना करने पर निगम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई भी कल की थी तथा आज भी कई स्थलों पर कारवाही की गई है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए शासन द्वारा जारी किए गए आदेश एवं धारा 144 का कड़ाई से पालन कराने के लिए क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने के निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा अधिकारियों को दिए गए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी किए गए हैं एडवाइजरी को अपनाने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। जो लोग शासन के आदेशों का पालन नहीं कर रहे है उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। धारा 144 एवं लॉक डाउन का पालन कराने जिले के कलेक्टर अंकित आनंद ने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी तथा उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टीपी लहरें की उपस्थिति में निगम क्षेत्र का दौरा किया था। आकाशगंगा व सुपेला क्षेत्र में अति आवश्यक दैनिक उपयोग वाले दुकानों में भीड़ जमा न होने देने तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की कार्यवाही भी की गई!





# आवश्यक सामग्री लेने आने वालों के लिए पर्याप्त दूरी बनाने निगम भिलाई करवा रहा मार्किंग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राशन दुकान, मेडिकल दुकान आदि छूट प्राप्त दुकानों में खरीदारी करने आने वाले क्रेता एवं दुकानदार कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाकर कतार बद्ध रहेंगे! इसके लिए चूना पेंट अथवा अन्य विधि से दुकानों के सामने मार्किंग की जा रही है एवं छूट प्राप्त दुकानदारों से भी इसी प्रकार की अपील की जाती है कि वह अपने दुकानों के सामने पर्याप्त दूरी बनाए रखें भीड़ बढ़ने न दे! जो भी दुकानदार इस आदेश का पालन नहीं कर सकेंगे उन्हें दुकान संचालन की छूट से समाप्त मानी जाएगी! निगम भिलाई द्वारा किराना दुकानों मे आने वाले खरीदारों को कतार बद्ध करने तथा परस्पर दूरी बनाए रखने के लिए पेंट, चूना एवं अन्य विधि द्वारा मार्किंग की जा रही है ! आमजन से भी अपील है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सहयोग करें, घर पर ही रहे अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में मददगार बने!



## कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए लॉक डाउन के चलते, जरूरतमंद लोगों के लिए राशन/खाद्य सामग्री

भिलाई नगर/ गेट अकैडमी के संचालक उमेश धांडे ने जरूरतमंदों लोगों की मदद करने के लिए महापौर देवेंद्र यादव के नाम से आज निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी को 3 लाख रुपए का चेक सौंपा इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू उपस्थित रहे! वही बलवीर शेरगिल ने लगभग 20,000 रुपए की राशन सामग्री जिसमें चावल, दाल, आटा, टूथपेस्ट, साबुन, हल्दी, मिर्ची, धनिया, तेल, चाय पत्ती, शक्कर, आदि सम्मिलित है निगम को आज प्रदाय की! बलवीर शेरगिल ने बताया कि दिनांक 22 मार्च से उन्होंने राशन प्रदाय करने की शुरुआत की है और अब तक खुर्सीपार, कुरूद एवं पावर हाउस क्षेत्र सहित अन्य स्थलों पर 143000 रुपए की सामग्री का वितरण जरूरतमंदों को किया है ! प्रत्येक जोन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिनके नंबर पर किसी भी प्रकार की सहायता देने के लिए भी संपर्क किया जा सकता हैं!




**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई


नगर पालिक निगम भिलाई